Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

अध्याय – 4 | कार्बन एवं उसके यौगिक

QUIZ PART-03

1. कार्बनिक यौगिक CH_3OH में प्रकारात्मक समूह कौन-सा है?
   A. CH_3 B. OH
   C. H D. CHO (B)
   व्याख्या : CH_3OH में OH प्रकारात्मक समूह है, और ऑक्सीजन विषम परमाणु है।

2. एल्कोहल यौगिकों की नामकरण में प्रयुक्त अनुलग्न कौन-सा होता है?
   A. al B. one
   C. ol D. oic (C)
   व्याख्या : एल्कोहल यौगिकों की नामकरण में "ol" अनुलग्न का प्रयोग किया जाता है, जैसे प्रोपेनॉल।

3. प्रकारात्मक समूह —CHO किस यौगिक को दर्शाता है?
   A. कीटोन B. ऐल्कोहल
   C. ऐल्डिहाइड D. हैलोऐल्केन (C)
   व्याख्या : CHO समूह ऐल्डिहाइड प्रकारात्मक समूह को दर्शाता है।

4. निम्न में से किसमें 'one' अनुलग्न का प्रयोग होता है?
   A. एल्कोहल B. ऐल्डिहाइड
   C. कीटोन D. ऐल्कीन (C)
   व्याख्या : कीटोन यौगिकों के नामकरण में 'one' अनुलग्न का प्रयोग होता है, जैसे प्रोपेनोन।

5. किस यौगिक में कार्बोक्सिलिक अम्ल प्रकारात्मक समूह होता है?
   A. प्रोपेनॉल B. प्रोपीन
   C. प्रोपेनॉइक D. प्रोपेनोन (C)
   व्याख्या : प्रोपेनॉइक में —COOH समूह होता है जो कार्बोक्सिलिक अम्ल का संकेत है।

6. समजातीय श्रेणी में यौगिकों के किस गुण में समानता होती है?
   A. भौतिक गुण B. रासायनिक गुण
   C. संरचना D. रंग (B)
   व्याख्या : समजातीय श्रेणी के यौगिकों के रासायनिक गुण समान होते हैं, जबकि भौतिक गुण अलग हो सकते हैं।

7. किस प्रकारात्मक समूह में 'ene' अनुलग्न का प्रयोग होता है?
   A. ऐल्कोहल B. ऐल्कीन
   C. ऐल्काइन D. कीटोन (B)
   व्याख्या : ऐल्कीन यौगिकों के नाम में 'ene' अनुलग्न लगाया जाता है, जैसे प्रोपीन।

8. ब्रोमोहेक्सेन यौगिक किस प्रकार का होता है?
   A. एल्कोहल B. ऐल्डिहाइड
   C. हैलोऐल्केन D. ऐल्काइन (C)
   व्याख्या : ब्रोमोहेक्सेन में ब्रोमिन उपस्थिति होती है, जो हैलोऐल्केन को दर्शाता है।

9. प्रोपेनोन में कौन-सा प्रकारात्मक समूह होता है?
   A. ऐल्कोहल B. ऐल्डिहाइड
   C. कार्बोक्सिलिक अम्ल D. कीटोन (D)
   व्याख्या : प्रोपेनोन में —CO— समूह होता है जो कीटोन यौगिकों का प्रतीक है।

10. निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक ऐल्काइन का उदाहरण है?
    A. प्रोपीन B. प्रोपेनॉल
    C. प्रोपाइन D. प्रोपेन (C)
    व्याख्या : प्रोपाइन एक त्रिबंध युक्त यौगिक है और ऐल्काइन का उदाहरण है।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App